**NEWS CLIPPING:09.11.2021**

# PIONEER

## राज नेहरू जेसी बोस के कुलपति नियुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**देश** के पहले कौशल विश्वविद्यालय - श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति राज नेहरू ने सोमवार को जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति का पदभार ग्रहण किया। वह विश्वविद्यालय के छठे कुलपति हैं तथा उन्होंने विवि के पूर्व कुलपति प्रो. दिनेश कुमार का स्थान लिया है। अपना कार्यकाल 3 नवंबर, 2021 को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद प्रो. दिनेश कुमार कार्यमुक्त हो गये।

कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों ने श्री राज नेहरू का विश्वविद्यालय में स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि श्री राज नेहरू को विश्वविद्यालय के नये कुलपति की नियुक्ति तक जेसी बोस विश्वविद्यालय का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। एक कुशल प्रशासक एवं सफल कॉर्पोरेट प्रोफेशनल रहे श्री राज नेहरू को उनकी नेतृत्व कौशल एवं क्षमता के लिए पहचाना जाता है। वह भारत के पहले कौशल विवि के संस्थापक कुलपति हैं जो दुनिया का कौशल विश्वविद्यालय है। वह राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) - 2020 के लिए कार्यान्वयन योजना के गठन पर यूजीसी समिति के सदस्य रहे हैं। उन्होंने हरियाणा कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक के रूप में भी काम किया है। श्री राज नेहरू को कौशल एवं नवाचार के क्षेत्र में उनके योगदान एवं नेतृत्व के लिए विभिन्न पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है, जिसमें इनोवेटिव लीडर अवार्ड, ब्रिक ऑफ चेंज अवॉर्ड और नीलकंठ सम्मान-2019 शामिल हैं। उन्हें हॉल ऑफ फेम, स्किल्स लीडरशिप अवार्ड-2020 से भी सम्मानित किया जा चुका है। हाल ही में उन्हें गोल्डन एआईएम कॉन्फ्रेंस एंड अवार्ड्स फॉर एक्सीलेंस एंड लीडरशिप इन एजुकेशन द्वारा सबसे प्रेरक कुलपति (मोस्ट इंस्पायरिंग वाइस चांसलर अवार्ड) से सम्मानित किया गया था।

### नये कुलपति की नियुक्ति तक संभालेंगे जेसी बोस विवि का अतिरिक्त कार्यभार



**जेसी बोस विश्वविद्यालय में कुलपति राज नेहरू का स्वागत करते कुल सचिव**

अतिरिक्त जिम्मेदारी के लिए हरियाणा के राज्यपाल और विवि के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय का आभार व्यक्त करते हुए श्री राज नेहरू ने कहा कि जे.सी. बोस विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद से उत्कृष्टता की एक लंबी विरासत रही है और कुलपति के रूप में इस विश्वविद्यालय से जुड़ना उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा की गई विभिन्न गुणवत्ता पहलों की सराहना की और कहा कि पूर्व कुलपति प्रो. दिनेश कुमार का कार्यकाल उपलब्धियों भरा रहा है।

**NEWS CLIPPING:09.11.2021**

# HADOTI ADHIKAR

# राज नेहरू ने जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के कुलपति का पदभार संभाला

## – नये कुलपति की नियुक्ति तक संभालेंगे जे.सी. बोस विश्वविद्यालय का अतिरिक्त कार्यभार

**- श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति हैं राज नेहरू**

**सुरेश गुप्ता / अधिकार संवाददाता**

पलवल/फरीदाबाद, 8 नवम्बर। देश के पहले कौशल विश्वविद्यालय 'श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय' के संस्थापक कुलपति राज नेहरू ने आज जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति का पदभार ग्रहण किया। वह विश्वविद्यालय के छठे कुलपति हैं तथा उन्होंने विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. दिनेश कुमार का स्थान लिया है। अपना कार्यकाल 3 नवंबर, 2021 को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद प्रो. दिनेश कुमार कार्यमुक्त हो गये।

कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों ने राज नेहरू का विश्वविद्यालय में स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि राज नेहरू को विश्वविद्यालय के नये कुलपति की नियुक्ति तक जे.सी. बोस विश्वविद्यालय का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।



कुशल प्रशासक एवं सफल कॉर्पोरेट प्रोफेशनल रहे राज नेहरू को उनकी नेतृत्व कौशल एवं क्षमता के लिए पहचाना जाता है। वह भारत के पहले कौशल विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति हैं जो दुनिया का कौशल विश्वविद्यालय है। वह राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) - 2020 के लिए कार्यान्वयन योजना के गठन पर यूजीसी समिति के सदस्य रहे हैं। उन्होंने हरियाणा कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक के रूप में भी काम किया है। श्री राज नेहरू को कौशल एवं नवाचार के क्षेत्र में उनके योगदान एवं नेतृत्व के लिए विभिन्न पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है, जिसमें इनोवेटिव लीडर अवार्ड, ब्रिक ऑफ चेंज अवार्ड और नीलकंठ सम्मान-2019 शामिल हैं। उन्हें हॉल ऑफ फेम, स्किल्स लीडरशिप अवार्ड-2020 से भी सम्मानित किया जा चुका है। हाल ही में उन्हें गोल्डन एआईएम कॉन्फ्रेंस एंड अवार्ड्स फॉर एक्सीलेंस एंड लीडरशिप इन एजुकेशन द्वारा सबसे प्रेरक कुलपति (मोस्ट इंस्पायरिंग वाइस चांसलर अवार्ड) से सम्मानित किया गया था।

उनके नेतृत्व में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने दोहरी शिक्षा उद्योग एकीकृत मॉडल की शुरूआत की, जोकि अर्न व्हाइल लर्न स्कीम (सीखते समय कमाएं) के रूप में लोकप्रिय हो रहा है। उनके नेतृत्व में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय को दोहरी व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्यों के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न पुरस्कार भी प्राप्त हुए है।

अतिरिक्त जिम्मेदारी के लिए हरियाणा के राज्यपाल और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय का आभार व्यक्त करते हुए राज नेहरू ने कहा कि जे.सी. बोस विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद से उत्कृष्टता की एक लंबी विरासत रही है और कुलपति के रूप में इस विश्वविद्यालय से जुड़ना उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा की गई विभिन्न गुणवत्ता पहलों की सराहना की और कहा कि पूर्व कुलपति प्रो. दिनेश कुमार का कार्यकाल उपलब्धियों भरा रहा है। उन्होंने अकादमिक एवं ढांचागत विकास में विश्वविद्यालय को बुलंदियां प्रदान की है।

**NEWS CLIPPING:09.11.2021**

# GURGAON MAIL

## श्री राज नेहरू ने जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के कुलपति का पदभार संभाला

**खेमचंद गर्ग/गुड़गांव मेल**

फरीदाबाद, 8 नवंबर। देश के पहले कौशल विश्वविद्यालय - श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति श्री राज नेहरू ने आज जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति का पदभार ग्रहण किया। वह विश्वविद्यालय के छठे कुलपति हैं तथा उन्होंने विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. दिनेश कुमार का स्थान लिया है। अपना कार्यकाल 3 नवंबर, 2021 को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद प्रो. दिनेश कुमार कार्यमुक्त हो गये। कुलसचिव डॉ. सुनील



कुमार गर्ग, संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों ने राज नेहरू का विश्वविद्यालय में स्वागत किया।

उल्लेखनीय है कि राज नेहरू को विश्वविद्यालय के नये कुलपति की नियुक्ति तक जे.सी. बोस विश्वविद्यालय का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। एक कुशल प्रशासक एवं सफल कॉर्पोरेट प्रोफेशनल रहे राज नेहरू को उनकी नेतृत्व कौशल एवं क्षमता के लिए पहचाना जाता है।

वह भारत के पहले कौशल विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति हैं जो दुनिया का कौशल विश्वविद्यालय है। वह राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) - 2020 के लिए कार्यान्वयन योजना के गठन पर यूजीसी समिति के सदस्य रहे हैं। उन्होंने हरियाणा कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक के रूप में भी काम किया है।

राज नेहरू को कौशल एवं नवाचार के क्षेत्र में उनके योगदान एवं नेतृत्व के लिए विभिन्न पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है, जिसमें इनोवेटिव लीडर अवार्ड, ब्रिक ऑफ चेंज अवार्ड और नीलकंठ सम्मान-2019 शामिल हैं। उन्हें हॉल ऑफ फेम, स्किल्स लीडरशिप अवार्ड-2020 से भी सम्मानित किया जा चुका है। हाल ही में उन्हें गोल्डन एआईएम कॉन्फ्रेंस एंड अवार्ड्स फॉर एक्सीलेंस एंड लीडरशिप इन एजुकेशन द्वारा सबसे प्रेरक कुलपति (मोस्ट इंस्पायरिंग वाइस चांसलर अवार्ड) से सम्मानित किया गया था।

उनके नेतृत्व में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने दोहरी शिक्षा उद्योग एकीकृत मॉडल की शुरूआत की, जोकि अर्न व्हाइल लर्न स्कीम (सीखते समय कमाएं) के रूप में लोकप्रिय हो रहा है। उनके नेतृत्व में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय को दोहरी व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्यों के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न पुरस्कार भी प्राप्त हुए है।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:09.11.2021**

# DAINIK JAGRAN

## राज नेहरू को कुलपति का अतिरिक्त प्रभार



कुलसचिव डा.सुनील कुमार गर्ग जेसी बोस यूनिवर्सिटी के नवनियुक्त कुलपति राज नेहरू को.पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते हुए ● सौ.यूनिवर्सिटी पीआरओ

वि., फरीदाबाद : श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति राज नेहरू को जेसी बोस (वाईएमसीए) विश्वविद्यालय के कुलपति का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। उन्होंने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। इससे पहले रहे कुलपति प्रो. दिनेश कुमार तीन नवंबर को सेवानिवृत्त हो गए थे। कुलसचिव डा. सुनील कुमार गर्ग ने संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों के साथ राज नेहरू का विश्वविद्यालय में स्वागत किया। एक कुशल प्रशासक एवं सफल कार्पोरेट प्रोफेशनल रहे राज नेहरू को उनकी नेतृत्व कौशल एवं क्षमता के लिए पहचाना जाता है। वह देश के पहले कौशल विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति हैं और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के लिए क्रियान्वयन योजना के गठन पर यूजीसी समिति के सदस्य भी रहे हैं।

**NEWS CLIPPING:09.11.2021**

# AAJ SAMAJ

# राज नेहरू ने जेसी बोस विवि के कुलपति का पदभार संभाला

**आज समाज नेटवर्क**

**फरीदाबाद।** देश के पहले कौशल विश्वविद्यालय श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति राज नेहरू ने सोमवार को जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति का पदभार ग्रहण किया। वह विश्वविद्यालय के छठे कुलपति हैं तथा उन्होंने विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो दिनेश कुमार का स्थान लिया है। अपना कार्यकाल 3 नवंबर, 2021 को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद प्रो दिनेश कुमार कार्यमुक्त हो गये। कुलसचिव डॉ सुनील कुमार गर्ग, संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों ने राज



नेहरू का विश्वविद्यालय में स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि राज नेहरू को विश्वविद्यालय के नये कुलपति की नियुक्ति तक जेसी बोस विश्वविद्यालय का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। उनके नेतृत्व में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने दोहरी शिक्षा उद्योग एकीकृत मॉडल की शुरूआत की, जोकि अर्न व्हाइल लर्न स्कीम (सीखते समय कमाएं) के रूप में लोकप्रिय हो रहा है।

**NEWS CLIPPING:09.11.2021**

# PUNJAB KESARI

## राज नेहरू ने जेसी बोस विश्वविद्यालय के कुलपति का पदभार संभाला



जेसी बोस विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू का स्वागत करते हुए कुलसचिव डॉ.सुनील कुमार गर्ग। (छाया :राकेश देव)

**फरीदाबाद,** राकेश देव (पंजाब केसरी): देश के पहले कौशल विश्वविद्यालय श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति राज नेहरू ने आज जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयए वाईएमसीए फरीदाबाद के कुलपति का पदभार ग्रहण किया। वह विश्वविद्यालय के छठे कुलपति हैं तथा उन्होंने विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. दिनेश कुमार का स्थान लिया है। अपना कार्यकाल 3 नवंबर 2021 को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद प्रोण् दिनेश कुमार कार्यमुक्त हो गये। कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों ने राज नेहरू का विश्वविद्यालय में स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि श्री राज नेहरू को विश्वविद्यालय के नये कुलपति की नियुक्ति तक जेसी बोस विश्वविद्यालय का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

**● नये कुलपति की नियुक्ति तक संभालेंगे जेसी बोस विश्वविद्यालय का अतिरिक्त कार्यभार**

पंजाब केसरी Tue, 09 November 2021 mpaper.punjabkesari.com/c/6

**NEWS CLIPPING:09.11.2021**

# NAVBHARAT TIMES

# 'अच्छा ग्रेड हासिल करना प्राथमिकता'

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति राज नेहरू ने जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के कुलपति का पदभार ग्रहण किया। वे विश्वविद्यालय के छठे कुलपति हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो.दिनेश कुमार का स्थान लिया है। राज नेहरू को विश्वविद्यालय के नए कुलपति की नियुक्ति तक जेसी बोस विश्वविद्यालय का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विश्वविद्यालय नैक 'ए' ग्रेड मान्यता हासिल है और विश्वविद्यालय मान्यता के अगले चरण में प्रवेश करने जा रहा है, जो इस वर्ष के अंत तक होने वाला है। नैक से अच्छा ग्रेड हासिल करने की दिशा में काम करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

**NEWS CLIPPING:09.11.2021**

# AMAR UJALA

## जेसी बोस विवि के कुलपति बने राज नेहरू

**फरीदाबाद।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति राज नेहरू ने सोमवार को जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति का पदभार ग्रहण किया। वह विश्वविद्यालय के छठे कुलपति हैं। उन्होंने पूर्व कुलपति प्रो. दिनेश कुमार का स्थान लिया है। अपना कार्यकाल 3 नवंबर को पूरा करने के बाद प्रो. दिनेश कुमार कार्यमुक्त हो गये। कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों ने राज नेहरू का विश्वविद्यालय में स्वागत किया। राज नेहरू को नये कुलपति की नियुक्ति तक जेसी बोस विश्वविद्यालय का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। संवाद

**NEWS CLIPPING:09.11.2021**

# PUNJAB KESARI

## राज नेहरू ने जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के कुलपति का पदभार संभाला

पलवल, 8 नवम्बर (ब्यूरो): देश के पहले कौशल विश्वविद्यालय श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति राज नेहरू ने जे.सी.बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति का पदभार ग्रहण किया। वह विश्वविद्यालय के छठे कुलपति हैं तथा उन्होंने विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो.दिनेश कुमार का स्थान लिया है। अपना कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद प्रो.दिनेश कुमार कार्यमुक्त हो गये। कुलसचिव डॉ.सुनील कुमार गर्ग, संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों ने श्री राज नेहरू का विश्वविद्यालय में स्वागत किया। इस अतिरिक्त जिम्मेदारी के लिए हरियाणा के राज्यपाल और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय का आभार व्यक्त करते हुए राज नेहरू ने कहा कि जे.सी.बोस विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद से उत्कृष्टता की एक लंबी विरासत रही है और कुलपति के रूप में इस विश्वविद्यालय से जुड़ना उनके लिए सम्मान की बात है।

**NEWS CLIPPING:09.11.2021**

# VIR ARJUN

## राज नेहरू ने जेसी बोस विश्वविद्यालय के कुलपति का पदभार संभाला

फरीदाबाद, (वीअ)। देश के पहले कौशल विश्वविद्यालय श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति राज नेहरू ने आज जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयए वाईएमसीए फरीदाबाद के कुलपति का पदभार ग्रहण किया। वह विश्वविद्यालय के छठे कुलपति हैं तथा उन्होंने विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. दिनेश कुमार का स्थान लिया है। अपना कार्यकाल 3 नवंबर 2021 को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद प्रोण् दिनेश कुमार कार्यमुक्त हो गये। कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों ने राज नेहरू का विश्वविद्यालय में स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि श्री राज नेहरू को विश्वविद्यालय के नये कुलपति की नियुक्ति तक जेसी् बोस विश्वविद्यालय का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।